**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

Hindustan Times | NEW DELHI FRIDAY JULY 21, 2023 ---DATED---

# DDA begins drone survey of parks along river floodplains

**Snehil Sinha**
snehil.sinha@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** The Delhi Development Authority (DDA) has started surveying via drones its biodiversity parks and other restoration projects along the floodplains of the Yamuna, after the river swelled and inundated parts of the city following heavy rainfall in the Capital and in northern states upstream, officials aware of the development said on Thursday.

The Yamuna enters Delhi near the Palla floodplains and exits the city near Jaitpur, covering an approximate distance of 52km. DDA has 10 diversity parks and restoration projects along the river's floodplain that are in various stages of development — Asita East, Kalindi biodiversity park, Kalindi Aviral, Asita West, Amrut biodiversity park, Yamuna Vanasthali (Yamuna biodiversity park), an ecotourism area from Geeta Colony to ITO barrage, Mayur nature park near DND flyway, Hindon Sarovar, and the Wazirabad barrage to Old Railway Bridge ghat.

Officials said that certain areas along the floodplain are still inundated with as much as a foot of water, and the damage to these parks and projects can only be calculated once the water recedes further.

"It is very difficult to predict anything at this moment. We are keeping our fingers crossed. We did a lot of plantations this year. The chances of survival (of the saplings) are not very good, keeping in view the level of water that it had reached this year. However, we will do a damage assessment after water recedes further. We did drone surveys of the floodplain, which will help us with the assessment," said a senior DDA official.

The official, asking not to be named, said though the water level is gradually receding, it will leave behind marshy land that will take months to be dry enough to carry out plantation drives.

Experts, meanwhile, said that some plants and grass species are meant for riparian zones and floodplain areas may survive even after remaining surrounded by water.

"There was flooding and the Yamuna reclaimed its old historical ranges to a large extent. Water is still there but the plants are very happy at DDA's Yamuna Biodiversity Park, and we expect hardly any loss of plantation. This is because scientific plantation was done after extensive surveys, wherein we studied the flood pulse of the last 25 years and only used suitable species," said Faiyaz Khudsar, eco-restoration expert and scientist in-charge of DDA's biodiversity parks programme.

IV दैनिक जागरण नई दिल्ली, 21 जुलाई, 2023

## नानक पुरा की झुग्गियों पर चला डीडीए का बुलडोजर



नानक पुरा इलाके में डीडीए ने बुलडोजर की सहायता से अतिक्रमण हटाया • जागरण

जासं, दक्षिणी दिल्ली : जिले के आरके पुरम विधानसभा क्षेत्र के नानक पुरा इलाके में डीडीए द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। इसके तहत नानक पुरा इलाके में करीब 100 झुग्गियों को तोड़ा गया। जिले में मे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ डीडीए अभियान चला रहा है। इससे पूर्व कालकाजी, तुगलकाबाद, महरौली और वसंत कुंज के इलाके में सैकड़ों झुग्गियां गिराई जा चुकी है। एक बार फिर आरके पुरम में कार्रवाई की गई। इलाके में रह रहे लोगों ने न सिर्फ अवैध रूप से यहां झुग्गियां बसा रखी थी साथ ही कबाड़ का गोदाम भी बनाया था। इसपर भी कार्रवाई करते हुए डीडीए ने कबाड़ के गोदाम पर भी बुलडोजर चलाया।

## रोज गार्डन में भर गई गाद, बर्बाद हो गए गुलाब के पौधे

जासं, नई दिल्ली : फिरोजशाह कोटला किला के पीछे रिंग रोड स्थित प्रसिद्ध पार्क रोज गार्डन भी बाढ़ से बर्बाद हो गया। पार्क में सैकड़ों गुलाब के फूलों की जगह अब गाद फैली है। बृहस्पतिवार को यहां स्थित मजार में जायरीन जुटे थे। जो पार्क के बाहर-भीतर गाद से होकर आ-जा रहे थे। डीडीए के इस पार्क में देसी-विदेशी गुलाब की 100 से अधिक प्रजातियां थीं। सभी बर्बाद हो चुके हैं। पार्क में अभी भी जगह-जगह बाढ़ का पानी रुका हुआ है। कमोबेश यहीं हाल लाल किला तक रिंग रोड के किनारे बसे पार्कों का है। बाढ़ यमुना किनारे स्थित नर्सरियों को भी बहा ले गई है। वहीं, नर्सरियों में रखा खाद, बीज, कीटनाशक, गमले समेत अन्य सामान भी बह गए हैं।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS----- THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI FRIDAY, JULY 21, 2023 -----DATED-------------------

# DDA carries out anti-encroachment drive in Nanakpura

Times News Network

**New Delhi:** The Delhi Development Authority (DDA) on Thursday carried out an anti-encroachment drive at District Park in Nanakpura near RK Puram. The officials said that the area falls under the Ridge and, as per Supreme Court order, the area should be kept free from encroachment.

"The demolition drive was carried out at Nanakpura, which is a part of south-central Ridge. There were many scrap shops encroaching the park area and using it for commercial purposes. However, no residential property was demolished in the process," said an official, adding that the encroachers were sent notices prior to the demolition drive.

# Thanks to flooding, desilting of drains restarts in capital

Vibha.Sharma@timesgroup.com

**New Delhi:** After the recent flooding in the city, all civic agencies, including the irrigation and flood control (I&FC) department, PWD and MCD, have started a drive to desilt all major drains to minimise the chances of overflowing during the next rain.

An official of the I&FC department said obstructions were found at many places, including in the Yamuna and major drains, after the floodwater receded. "The silt that came with the floodwater has created obstructions. We have also observed the Yamuna changing its course due to the silt depositing at places. To mitigate any chance of overflowing, a decision was taken to restart the desilting exercise," said the official. "We have engaged all our manpower, machineries and at places even engaged other departments for completing the work," he added.

Depending on the quality of silt collected, it is either being transported to Municipal Corporation of Delhi's sanitary landfills or being dumped into the depressions, the official pointed out. "The process will continue for the time being, especially in the drains passing through flood-affected areas." **TOI** on Wednesday found desilting being undertaken in the Ghazipur drain.

A Public Works Department official confirmed that the desilting work had restarted in the drains along flood-affected areas, including Qudsia Ghat, drain no. 12 and Metcalfe House drain. In the Taimoor Nagar drain, Delhi Development Authority (DDA) and MCD are busy desilting the main nullah, said an MCD official. "A portion of the drain belongs to DDA. We started to clean the silt and floating materials, and DDA came forward after the receding of the floodwater," said the official.

The government bodies undertook desilting work till June 30 as per their annual monsoon action plan. "However, due to the heavy rainfall this year, the silt flowed in from the upstream areas up to Sriniwaspuri, Garhi, East of Kailash, New Friends Colony (west) and Maharani Bagh, and collected near the outfall. To clear the same, we are carrying the desilting drive in a sludge drain that carries sewer from the Delhi Jal Board system," said the MCD official. A similar exercise is also in progress in other drains across the city, officials said.

"Though the majority of the drains under us are up to or less than 4ft, we are ensuring that all floating materials are collected regularly. All 72 sump wells are cleaned regularly so that drains and pumps don't get clogged," said an MCD official. The corporation is also clearing the screens installed at the pump houses.

**TIMES VIEW:** **The delay in desilting was one of the reasons that led to the flooding of the capital's streets and caused misery to many. Anyway, better late than never. Senior authorities must monitor the process and ensure that the job is thorough.**

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS--- हिन्दुस्तान नई दिल्ली, शुक्रवार, 21 जुलाई 2023 --------DATED----------------------

आफत | वर्षों में लगाए गए लाखों पेड़-पौधे और घास बर्बाद, दिल्ली विकास प्राधिकरण के कई प्रोजेक्ट का लक्ष्य पिछड़ा

# बाढ़ से चार साल पिछड़ा यमुना के आसपास का इलाका

**राहुल मानव**

नई दिल्ली। राजधानी में आई बाढ़ से हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। साथ ही, पर्यावरण पर भी इसका गंभीर असर पड़ा है। इसकी वजह से यमुना के आसपास का इलाका चार साल पीछे हो गया है, क्योंकि बाढ़ क्षेत्रों के पर्यावरण विकास संरक्षण के काम बिगड़ गए हैं। तीन से चार साल में लगाए गए लाखों पेड़-पौधों और घास को काफी नुकसान हुआ है। वहीं, कई प्रोजेक्ट अब समय से पूरे नहीं हो पाएंगे।

यमुना के बाढ़ क्षेत्रों की पुनर्स्थापना योजना के तहत दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) अब तक तीन प्रोजेक्ट को लगभग पूरा कर चुका है। चार प्रोजेक्ट पर काम को इस वर्ष के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य था, लेकिन यह अब अगले वर्ष तक पूरा होने की उम्मीद है। डीडीए के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पिछले तीन से चार साल में बाढ़ क्षेत्रों में लाखों पेड़-पौधे और घास रोपी गई थी। बाढ़ के कारण इन्हें बड़ा नुकसान होने की आशंका है। वहीं, पिछले दो महीनों में रोपे गए 90 हजार पौधों और घास को भी क्षति पहुंची है। बाढ़ के कारण अब यहां कीचड़ फैला हुआ है। इसके हटने के बाद सही आकलन हो पाएगा।

उन्होंने बताया कि एक परिस्थितिक क्षेत्र को पूरी तरह से स्थापित होने में आठ से दस साल लगते हैं। यह तब होता है जब बाढ़ क्षेत्र में विकसित किए गए जंगल के इलाकों में वनस्पति और जीव आते हैं। वहीं, डीडीए की तरफ से क्षति का आकलन करते हुए कई प्रोजेक्ट को नए निर्धारित लक्ष्य तक पूरा करने के लिए रणनीति बनाई जा रही है। बाढ़ से विकसित किए गए जलाशयों को भी नुकसान पहुंचा है। इन प्रोजेक्ट पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं।

**एनजीटी के आदेश पर योजना शुरू हुई :** डीडीए के वरिष्ठ अधिकारी बताया कि नेशनल ग्रीन ट्रीब्यूनल (एनजीटी) के निर्देशों और एनजीटी द्वारा गठित प्रमुख समिति की सिफारिशों के अनुसार यमुना नदी के बाढ़ क्षेत्रों को विकसित किया जा रहा है।



आईएसबीटी कश्मीरी गेट के पास बाढ़ के बाद नष्ट हुई घास और पौधे। ● सलमान अली

## 'बायोडायवर्सिटी पार्क बेहद जरूरी है'

डीयू के विकृत पारिस्थितिकी प्रणालियों के पर्यावरण प्रबंधन केंद्र (सीईएमडीई) के प्रोफेसर एमेरिटस सी.आर. बाबू ने कहा कि सभी नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए बाढ़ क्षेत्रों में बायोडायवर्सिटी पार्क को स्थापित करना जरूरी है। एनजीटी ने नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए अपने आदेश में यह बात कही है। नदी की पारिस्थितिकी अखंडता को बनाए रखने के लिए यह जरूरी है।

## विशेषज्ञ बोले- हवा की गुणवत्ता होती है बेहतर

प्रो सी.आर.बाबू ने बताया कि दिल्ली में बाढ़ क्षेत्रों में बायोडायवर्सिटी पार्क के स्थापित होना बेहद जरूरी है। इससे हवा की गुणवत्ता में सुधार होता है और भूजलस्तर भी बेहतर होता है। इस वर्ष जून में अरावली बायोडायवर्सिटी पार्क में हवा की गुणवत्ता पर शोध हुआ था। इसमें सामने आया है कि अन्य जगहों की तुलना में अरावली बायोडायर्सिटी पार्क की हवा की गुणवत्ता अच्छी है।

# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS------------ पंजाब केसरी DELHI -----DATED---------------------


# नानकपुरा : 100 से ज्यादा झुग्गियों पर चला बुलडोजर




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : राजधानी दिल्ली के आरकेपुरम विधानसभा क्षेत्र में नानकपुरा में गुरुवार को डीडीए ने सालों से बसी 100 से ज्यादा झुग्गियों को गिरा दिया। मौके पर दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों की भारी संख्या में तैनाती की गई थी, ताकि कार्रवाई के दौरान किसी भी तरीके से कोई अव्यवस्था उत्पन्न नहीं कर पाए। उधर, झुग्गियों में रह रहे लोगों का अपना आशियाना उजड़ जाने पर रो रोकर बुरा हाल है। जिन लोगों का आशियाना तोड़ा गया है उन लोगों ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि सरकार ने हमें ना तो कोई नोटिस दिया और ना ही कोई सूचना दी। बस अचानक सुबह फोर्स को लाकर झुग्गियों को तोड़ दिया गया। पीड़ितों ने कहा कि घर सामान का निकालने तक का समय नहीं दिया गया। झुग्गी वासियों ने बताया कि जिस तरह सरकार ने वादा किया था कि जहां झुग्गी वहां मकान मिलेगा। लेकिन यहां सिर्फ घर उजाड़े जा रहे हैं। झुग्गी वालों को खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर किया जा रहा है। लोगों ने मीडिया के सामने सवाल किया कि हमारे आशियाने उजाड़ कर सरकार को क्या मिलेगा? अब हम अपने बच्चों को लेकर कहां जाएंगे? कहां दर-दर की ठोकरें खाएंगे? सरकार ने एक पल में ही सब कुछ उजाड़ दिया। दिल्ली में अवैध झुग्गियों को तोड़ने का सिलसिला पिछले कुछ महीनों से लगातार जारी है। हालांकि, डीडीए की तरफ से कहा जा रहा है कि इन लोगों को पहले ही नोटिस दे दिया गया था। यह झुग्गी पूरी तरीके से अवैध बनी हुई थी।